# न्यायालय तहसीलदार हरदीबाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## //उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि सहायक अभियंता उपसंभाग छ.ग.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. दीपका के तहसील दीपका अंतर्गत ग्राम भिलाईबाजार में स्थापित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र को एस.ई.सी.एल. के द्वारा अर्जित की गई है। जिसे विस्थापित कर तहसील हरदीबाजार अंतर्गत ग्राम मुड़ापार में स्थापित किये जाने हेतु ग्राम मुड़ापार की शासकीय भूमि खसरा नं. 2/1 में से रकबा 60X50 मीटर भूमि आबंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त के संबध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो,तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 19/12/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि बाद प्राप्त किसी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद-मुद्रा से जारी।

न्यायालय तहसीलदार तहसील हरदीबाजार जिला-कोरबा (छ.ग.)

तहसीलदार
हरदीबाजार

तहसीलदार
तहसील हरदीबाजार
जिला-कोरबा (छ.ग.)